Roll No. .... Total Printed Pages - 9

F - 142

M.A. (FIRST SEMESTER)
EXAMINATION, Dec. - Jan., 2021-22
(HINDI)
PAPER SECOND
(प्राचीन एवं मध्यकालीन काव्य)

[Time : Three Hours] ***[Maximum Marks : 80]***

नोट - निर्देशानुसार सभी खण्डों के उत्तर दीजिए । प्रश्नों में आंतरिक विकल्प हैं।

खण्ड - अ

वस्तुनिष्ठ/बहुविकल्पीय प्रश्न

(प्रत्येक - 1 अंक)

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

सही विकल्प का चयन कीजिए।

P. T.O.

1. रासो शब्द की उत्पत्ति 'रसायण' से किसने मानी है?

   (A) हर प्रसाद शास्त्री

   (B) रामचंद्र शुक्ल

   (C) गार्सा द तासी

   (D) बूलर

2. ब्रजभाषा कहाँ बोली जाती है?

   (A) प्रयागराज-अवध

   (B) ओरछा-झाँसी

   (C) मथुरा-वृन्दावन

   (D) बनारस

3. किस प्रबंध काव्य को पिता-पुत्र ने मिलकर पूर्ण किया-

   (A) हम्मीर रासो

   (B) परमाल रासो

   (C) राउर वेल

   (D) पृथ्वीराज रासो

4. चंपू रचना है-

   (A) राउरबेल

   (B) वसंत विलास

   (C) जयमयंक-जसचंद्रिका

   (D) खुमाण रासो

5. मलिक मुहम्मद जायसी की रचना नहीं है-

(A) मुधमालती

(B) अखरावट

(C) आखिरी कलाम

(D) पद्मावत

6. अष्टछाप के कवि नहीं हैं-

(A) रैदास

(B) कृष्णदास

(C) परमानंद दास

(D) नंददास

7. काग के भाग बड़े सजनी, हरि हाथ से ले गयो माखनरोटी - पंक्ति के रचनाकार हैं-

(A) सूरदास

(B) कबीरदास

(C) रसखान

(D) छीतस्वामी

8. बिहारीलाल का जन्म किस सन् में हुआ?

(A) 1595 ई0

(B) 1598 ई0

(C) 1602 ई0

(D) 1590 ई0

9. अब कैसे छूटै राम, नाम रट लागी। पंक्ति है -

(A) पद्माकर

(B) रैदास

(C) रसखान

(D) मीराबाई

10. कबीरदास की जन्मतिथि मानी जाती है-

(A) पूर्णिमा

(B) सप्तमी

(C) अमावस्या

(D) एकादशी

11. कबीरदास ने किस सूफी फकीर से भी दीक्षा ली थी?

(A) शेख तकी

(B) शेख बुरहान

(C) ख्वाजा मोइनुद्दीन

(D) सैयद अशरफ

12. 'हिन्दी साहित्य की भूमिका' के लेखक हैं-

(A) रामचंद शुक्ल

(B) रामकुमार वर्मा

(C) राहुल सांकृत्यायन

(D) हजारी प्रसाद द्विवेदी

13. विद्यापति किस भाषा के कवि हैं-

(A) अवहट्ट

(B) पिंगल

(C) बृजभाषा

(D) अवधी

14. अमीर खुसरो का मूलनाम है-

(A) निजाम अहमद

(B) अबुल हसन

(C) फैजल खान

(D) मंजूर हसन

15. 'यह ऐसा संसार है, जैसा सेमल फूल।' इस पंक्ति में कौन सा अलंकार है-

(A) रूपक

(B) अन्योक्ति

(C) अतिश्योक्ति

(D) उपमा

16. मलिक मुहम्मद जायसी की रचना नहीं है-

(A) चित्ररेखा

(B) अखरावट

(C) कहरानामा

(D) चित्रावली

17. 'अकथ कहानी प्रेम की' संदर्भ कबीर किसकी रचना है-

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(B) श्यामसुंदर दास

(C) रामकिशोर मिश्र

(D) पुरुषोत्तम अग्रवाल

18. संचारी भावों की संख्या कितनी मानी गई है-

(A) नौ

(B) तैंतीस

(C) छत्तीस

(D) चौबीस

19. धर्मदास के गुरु हैं-

(A) कुंभनदास

(B) चतुर्भुजदास

(C) सुंदरदास

(D) कबीरदास

20. रासो काव्य की भाषा है-

(A) कौरवी

(B) ब्रजभाषा

(C) कन्नौजी

(D) पिंगल एवं डिंगल

खण्ड - ब

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

(प्रत्येक - 2 अंक)

टीप - निम्नलिखित में से किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. अमीर खुसरो की रचनाओं का संक्षिप्त परिचय दीजिए।
2. रहीम का पूरा नाम लिखिए।
3. पृथ्वीराज रासो की नायिकाओं के नाम लिखिए।
4. आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार हिन्दी के प्रथम कवि कौन हैं?
5. पद्मावत में नागमती किसका रुपक/प्रतीक है?
6. रामानंद्र के किन्हीं तीन शिष्यों के नाम लिखिए।
7. सिकंदर लोदी के आमंत्रण पर दिल्ली जाने वाले संत कवि कौन हैं?
8. 'बरवै नायिका भेद' किसकी रचना है?
9. बल्लभ सम्प्रदाय में दीक्षा लेने वाले मुस्लिम कवि कौन हैं?
10. पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठ्य पुस्तक 'पद्मावत' के संपादक का नाम लिखिए।
11. मीराबाई का विवाह कब और किसके साथ हुआ?
12. 'नरसी जी का मायरा' किसकी रचना है?

खण्ड - स

लघु उत्तरीय प्रश्न

(प्रत्येक - 4 अंक)

टीप - निम्नलिखित में से किन्हीं छह प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. 'रासो' शब्द की व्यूत्पत्ति पर विस्तार से चर्चा कीजिए।
2. आदिकाल के नामकरण आलोचकों के मतों की समीक्षा कीजिए।
3. निर्गुण काव्य धारा की विशेषताएँ लिखिए।
4. शशिवृत्ता विवाह खंड का सार लिखिए।
5. मलिक मुहम्मद जायसी का संक्षिप्त जीवन परिचय लिखिए।
6. 'नागमती विरह वर्णन' के काव्य सौन्दर्य का उद्घाटन कीजिए।
7. अमीर खुसरो की काव्यगत विशेषताएँ लिखिए।
8. विद्यापति का संक्षिप्त परिचय दीजिए।
9. सिद्ध कीजिए रहीम दास नीति के श्रेष्ठ कवि हैं।

खण्ड - द

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

(प्रत्येक - 5 अंक)

टीप - निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. रासो काव्य परंपरा पर प्रकाश डालते हुए 'पृथ्वीराज रासो' का स्थान निर्धारित कीजिए।

2. 'नागमती वियोग खंड' में लोकतत्व की समीक्षा कीजिए।

3. ''कबीर हमारे लिए देव नहीं, दैवीय मकड़जालों से मुक्त कराने वाली दवा हैं।'' कथन के आलोक में कबीर के काव्य का मूल्यांकन कीजिए।

4. ''रहस्यवादियों में कबीर का आसन सबसे ऊँचा है,'' इस कथन की सोदाहरण समीक्षा कीजिए।

टीप - किन्हीं दो अवतरणों की प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए -

(प्रत्येक - 5 अंक)

5. हेम हंस तन धरिय। बिपन मध्ये विश्राम लिय।

   दिष्य तास शशिव्रत्त। अतिहि अच्चरिज मान जिय।

6. काहे री नलनी तूँ कुम्हलानी, तेरे ही नालि सरोवरपानि।

   जल में उत्पत्ति, जल में वास, जल में नलनी तोर निवास।।

7. हेरत हेरत हे सखी रह्या कबीर हेराइ।

   बूँद समानी समद में सो कत हेरी जाय।'

8. यह तन जारौं छार कै कहौं कि पवन उड़ाँव।

   मकु तेहि मारग होइ परौं, कंत धरै जह पाँव।।